## सार-समाचार

### जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित

**सीकर** (निसं)। राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह शुक्रवार को पीएम श्री राधा कृष्ण मारू राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर में आयोजित हुआ। समारोह में जिला स्तर पर चयनित दो श्रेष्ठ शिक्षकों विजेंद्र कुमार व्याख्याता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुगराजपुरा ब्लॉक अजीतगढ़ कक्षा 9 से 12 वर्ग को तथा मनोज कुमार अध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उत्तरीढाणी संतोषपुरा ब्लॉक धोद कक्षा 1 से 5 वर्ग को माल्यार्पण,शाल व साफा, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रतन जलधारी, विशिष्ट अतिथि जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार गौतम, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह शेखावत, एडीपीसी राकेश लाटा, राष्ट्रपति अवार्डी महेंद्र सिंह शेखावत,एडीईओ विक्रम सिंह शेखावत, सहायक निदेशक राकेश गढ़वाल, मारू स्कूल प्रधानाचार्य दिनेश पुरोहित, कार्यक्रम अधिकारी मुकेश निठारवाल उपस्थित रहे। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से शुभारंभ हुआ कार्यक्रम आयोजक मारू स्कूल प्रधानाचार्य दिनेश पुरोहित ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रतन जलधारी ने सभी शिक्षकों को समर्पित भाव से कार्य करने का आव्हान किया विशिष्ट अतिथि जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने अपने सेवा के प्रारंभिक काल में शिक्षक सेवा के संस्मरण व अनुभव साझा किये एवं शिक्षक की महता पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन पुरुषोत्तम मिश्रा व्याख्याता ने किया, मंच संचालन व्याख्याता भवानी शंकर शर्मा ने किया तथा राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

### 12 शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मानित

**रतनगढ़** (निसं)। शिक्षक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब रतनगढ़ प्रेरणा की ओर से गुरु शेफर्ड पब्लिक स्कूल में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 12 शिक्षकों-शिक्षिकाओं को समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सभी शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह और कंठा दुपट्टा भेंट कर अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ शिक्षक अम्बिका प्रसाद शर्मा का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष संदीप कन्दोई ने कहा किशिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं। उनका मार्गदर्शन ही विद्यार्थियों को जीवन की सही दिशा दिखाता है और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय रहती है।समारोह में क्लब पदाधिकारी ओमप्रकाश चौहान, रितेश लुंडिया, जयकांत बिंवाल, रामावतार ठठेरा, वीरेंद्र कुमार बुनकर, भंवर लाल शर्मा, साबिर अली नजमी, जितेंद्र बूबना और रवि सारावगी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षकों के योगदान को प्रेरणादायी बताते हुए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की।विद्यालय संचालक श्री सुबोध सारस्वत ने कहा कि लायंस क्लब द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले सामाजिक एवं शैक्षिक आयोजन समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर मौजूद सभी अतिथियों और सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक प्रयास करते रहेंगे।

### लोक अदालत की तैयारियों की बैठक

**रतनगढ़** (निसं)। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर 2025 को किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जाएगा, जिनमें प्रमुख रूप से बैंक लोन,मोटर वाहन दुर्घटनाएं,वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद,पैसों के लेन-देन से जुड़े मामले शामिल रहेंगे।लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण निपटारा कर आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। इस संबंध में बैठक का आयोजन गुरुवार को न्यायालय परिसर, रतनगढ़ में किया गया। बैठक की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कौशिक ने की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रतनगढ अरुण जांगिड़ तथा बार संघ के अध्यक्ष मनीष शर्मा,महासचिव निरंजन चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।बैठक का आयोजन राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया।

### लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रतनगढ़** (निसं)। 69वीं जिला स्तरीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 14 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग की लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ 4 सितम्बर 2025 को केपीएस उच्च माध्यमिक विद्यालय, रतनगढ में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक श्री ओमप्रकाश गोदारा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को सदैव खेल की भावना से खेलना चाहिए।14 वर्षीय टीम स्पर्धा में मीरा निकेतन सरदारशहर विजेता तथा केपीएस उच्च माध्यमिक विद्यालय, रतनगढ़ उपविजेता रहा। निर्णायक मंडल में श्री पंकज लांबा, श्री धर्मवीर, ऋतुराज राठौर, पर्यवेक्षक प्रीतम सिंह, ऋछपाल सिंह, सुमन कंवर, नीरज माहुर, शरद जोशी, विनोद कुमार, देवेंद्र कुमार, रूपचंद व रामकिशन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थिंयों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का परिचय दिया।

### शिक्षक दिवस पर प्राचार्य का सम्मान

**सादुलपुर,** (निसं)। शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गांव बैजूवा के नव पदोन्नत प्रधानाचार्य जयवीर सिंह भाटीवाल का सम्मान किया। सरदार मल प्रजापत ने बताया कि बैजुवा प्रजापत समाज के पहले प्रधानाचार्य का सम्मान समाज व ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह भेट का सम्मान किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जयवीर भाटीवाल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा युवाओं को लक्ष्य लेकर चलना चाहिए।की भविष्य में हमें क्या बनना है तभी अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं शिक्षक का सपना होता है कि उनका शिष्य उच्च पद पर आसीन होकर अपने विद्यालय व गांव का नाम रोशन करे।सदैव सोच सकारात्मक रखने की बात कही। इस मौके पर पूर्व जिला प्रमुख सुरेंद्र स्वामी, ओमप्रकाश जांगिड, सुल्तान सिंह, पूर्णाराम, आदराम, जयसिंह, इंद्राज, सुभाष मुरारी, रामनिवास, रघुवीर, बलवान, गुलाब, तेजपाल, समुद्र व धनसिंह सहित आदि मौजूद रहे।

### नवीन कार्यकारिणी का गठन

**पाटन** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) पाटन की एक विशेष बैठक का आयोजन अम्बेडकर छात्रावास में किया गया। बैठक की अध्यक्षता महावीर वर्मा ने की। इस अवसर पर संघ को मजबूती प्रदान करने और नवीन कार्यकारिणी के गठन को लेकर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संगठन को सशक्त बनाने के लिए सभी शिक्षक आपसी सहयोग और समर्पण की भावना से कार्य करेंगे और अधिक से अधिक शिक्षकों को संघ से जोड़ने का प्रयास करेंगे। नवगठित कार्यकारिणी इस प्रकार रही अध्यक्ष अशोक वर्मा व्याख्याता, उपाध्यक्ष सुरेश, कोषाध्यक्ष रोहिताश कटारिया,सलाहकार समिति अध्यक्ष कमलजी धानाचार्य, सदस्य हरिकिशन प्रधानाचार्य, रामजीलाल संरक्षक समिति अध्यक्ष, महावीर वर्मा सदस्य, विजय, हजारीलाल बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और संगठन को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने का संकल्प लिया।

### रामलीला का मंचन किया

**नोहर** (निसं)। यहां श्रीराम नवयुवक विजय नाट्य परिषद कमेटी की ओर से आज रामलीला मंचन से पहले ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन रामलीला बडी में किया गया। ध्वजा रोहणा कार्यक्रम रामलीला कमेटी अध्यक्ष चौथमल पारीक व उनकी टीम की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कमेटी निदेशक किशन चाचाण ने बताया कि श्रीराम नवयुवक विजय नाट्यय परिषद कमेटी द्वारा रामलीला का मंचन 17 सितंबर गुरुवार से 3 अक्टूबर शुक्रवार तक किया जाएगा, जिसमें पूरी रामायण मंचित की जाएगी। कार्यक्रम में कमेटी पदाधिकारियों सहित किशोरीलाल तिवाडी, सुमित चाचाण, प्रदीप शर्मा, मनोज कौशिक, रमेश तिवाडी, मोहरसिंह, रोहताश सैनी, संतोष कंकर, हरदत्त सैनी, सुमन ओझा सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान

**सीकर** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रसीदपुरा में प्रधानाचार्य राजेंद्र कृष्णियां की अध्यक्षता में शिक्षक दिवस मनाया गया। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एडवोकेट भँवर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पीईईओ क्षेत्र के शिक्षकों को प्रधानाचार्य कृष्णियाँ ने प्रशस्ति पत्र व विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने विचार प्रकट कर दिवस के महत्व से अवगत करवाया।

# शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन संभव : पूर्व मंत्री राठौड़

■ 'शिक्षक का स्थान भगवान के समान माना जाता है'

**चूरू** (निसं)। शिक्षक दिवस पर जिला मुख्यालय के राजकीय लोहिया महाविद्यालय में शुक्रवार को जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक बजरंग लाल स्वामी ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन संभव है। शिक्षक का स्थान भगवान के समान माना जाता है। शिक्षक ही समाज में आने वाली पीढियों का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है, जहां तकनीक, सामाजिक परिवर्तन और वैष्विक चुनौतियों के बीच छात्रों का मार्गदर्शन करना अत्यंत आवश्यक है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि शिक्षक के बिना कोई राष्ट्र मजबूत नहीं बन सकता। शिक्षक जो नींव रखते हैं, उस पर समाज की इमारत खड़ी होती है। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण में सर्वोत्तम सेवा है।

शिक्षक संस्कारित, संस्कृति युक्त व ज्ञानपरक समाज का निर्माण करता है। शिक्षक विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा व व्यक्तित्व निर्माण पर काम करें और उन्हें वर्तमान की आवश्यकताओं व स्थितियों की जानकारी देते हुए भविष्य की नीतियों के लिए तैयार करें। सुराणा ने कहा कि जिले में आरआरआर, कोड चूरू व पुस्तक संवाद जैसे नवाचारों के माध्यम से स्कूलों में बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण पर फोकस किया जा रहा है। संयुक्त निदेशक बजरंग लाल स्वामी ने कहा कि नेपथ्य में रहकर विद्यार्थी व समाज के लिए समर्पित भाव से काम करने वाले शिक्षकों का सम्मान सराहनीय पहल है। सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि शिक्षक जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, जिससे हम एक उदाहरण सिद्ध हो सकें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बृजेन्द्र दाधीच ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान डीईओ माध्यमिक संतोष महर्षि, डीईओ प्रारंभिक ओमप्रकाश, बसंत शर्मा, चंद्राराम प्रजापत, ओमप्रकाश फगेडिया, ओमप्रकाश तंवर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे।

**शिक्षकों का किया सम्मान:-** इस अवसर पर अतिथियों ने इमरान खान, श्योलाराम भोपा व विजय कुमार को प्रतीक चिन्ह, साफा, शॉल व 11 हजार रुपए नकद पुरस्कार राशि देकर व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर 30 शिक्षकों का शॉल, साफा, प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसी के साथ पुस्तकालय अभिरूचि प्रतियोगिता 2025 में जिला स्तर पर प्रथम रहे स्वीटी व अशोक कुमार, द्वितीय माया, तृतीय रेखा स्वामी तथा ब्लॉक स्तर पर प्रथम व द्वितीय रहे निरू सहित अनेक विद्यार्थियों को पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित एसीआई उमावि में शिक्षक दिवस भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्म दिवस को संस्था निदेशक मनोज शर्मा की अध्यक्षता एवं संस्था निदेशक विकास शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। मां शारदे की स्तुति एवं गुरू वंदना से प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा गुरूओं का महिमा मंडन किया गया। छात्र छात्राओं ने अपने गुरूओं के सम्मान में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। जो उनके संस्कारों शिक्षा एवं व्यक्तित्व को उजागर कर रहे थे। संस्था निदेशक विकास शर्मा ने कहा कि शिक्षा वह प्रक्रिया है। जिसके माध्यम से ज्ञान, कौशल और मानवीय मूल्यों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाया जाता है। यह केवल किताबें पढ़ने से हैं या परीक्षा पास करने तक सीमित नहीं है। बल्कि यह व्यक्तित्व विकास का व्यापक हिस्सा है।

# रेलवे की बैठक में चूरू सांसद ने चूरू संसदीय क्षेत्र व शेखावाटी से जुड़े मुद्दे उठाए

**चूरू** (निसं)। सांसद राहुल कस्वां जयपुर स्थित उत्तर-पश्चिम रेलवे मुख्यालय में आयोजित बैठक में जयपुर व बीकानेर मंडल से संबंधित माननीय सांसदगणों के साथ शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने संसदीय क्षेत्र सहित शेखावाटी से जुड़े विभिन्न विषयों को रखा। बैठक में उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक महोदय से सहित रेलवे के अधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद ने कहा कि अमृत स्टेशन निर्माण के दौरान हल्की क्वालिटी के मैटेरियल की जांच की मांग रखते हुए कहा कि सांसदों को साथ लेकर डीआरएम निरीक्षण करें, ताकि निर्माण कार्य में आवश्यक सुधार करवाया जा सके और भविष्य के हिसाब से प्लानिंग की जा सके। अमृत स्टेशन योजना में अलग-अलग कामों में अनियमितताएं सामने आ रही हैं जो भविष्य में चुनौतीपूर्ण साबित होंगी।

खाटूश्याम जी से सालासर धाम तक नई रेल लाईन निर्माण के सर्वे को रशीदपुरा खोरी स्टेशन की बजाय सीधा खाटू श्यामजी से सालासर करवाने के लिये कहा; ताकि यह भविष्योपयोगी लाईन बने और जीण माता-सांगलिया धूणी- श्री सालासर बालाजी धाम-श्रीडूंगर बालाजी (द्रोण पर्वत)-सुजानगढ़-बीदासर-मुकाम धाम-देशनोक तक धार्मिक कॉरिडोर बन सके।

सांसद कस्वांने कहा कहा कि संसदीय क्षेत्र में रेलवे अंडर ब्रिज की मांग बहुत ज्यादा है। पूर्व में चूरू संसदीय क्षेत्र के 26 स्थानों पर स्वीकृत किए गए, लेकिन कुछ समय बाद उस काम को रद्द कर दिया गया। अत: मांग रखी कि आये दिन होने वाले हादसों से बचने के लिये निर्माण को प्राथमिकता दी जाए।

रेलवे ट्रैक के पास खाली पड़ी जमीन पर गंदे पानी के भराव की समस्या कई शहरों में है, जिसके चलते आम आदमी काफी परेशान है। इस पर सांसद कस्वां ने सुझाव दिया है कि स्थानीय नगरपालिका/नगरपरिषद के साथ मिलकर इस समस्या को प्राथमिकता से दूर किया जाए।

संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाली लगभग 13 ट्रेनों को नियमित करने, ट्रेनों में जनरल श्रेणी के कोच की संख्या में इजाफा करने, स्टेशनों पर सफाई व्यवस्था में सुधार व नियमित मॉनिटरिंग करने सम्बन्धि विषयों को भी रखा।

# पाटन में मूसलधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**पाटन** (निसं)। क्षेत्र में बीते 24 घंटों से जारी मूसलधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। तेज बारिश के चलते जहां सड़कों पर जलभराव और नालों में उफान जैसे हालात बन गए हैं, वहीं दूसरी ओर किसानों और ग्रामीणों के चेहरों पर राहत और खुशी भी देखी जा रही है।

सबसे बड़ी खुशखबरी रायपुर बांध से आई है, जहां शुक्रवार सुबह सात साल बाद चादर चलने की ऐतिहासिक स्थिति बनी। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार शाम तक पाटन में 150 मिमी से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई, जो इस मानसून की अब तक की सर्वाधिक वर्षा है।रायपुर बांध में पानी का स्तर 14 फीट से ऊपर पहुंच चुका है, जबकि इसकी अधिकतम भराव क्षमता 15 फीट है। सुबह से ही स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और दूर-दूर से लोग चादर देखने पहुंचे। देर शाम तक बांध पर भारी भीड रही। रायपुर बांध की कुल क्षमता 224 एमसीएफटी है और इसकी लंबाई करीब 1524 मीटर (5000 फीट) है। वर्ष 1967 में निर्मित इस ऐतिहासिक बांध में टोडा, दरिबा, क्षेत्र और कासावती नदी से लगातार पानी की आवक जारी है। यदि अगले एक-दो दिन और बारिश होती है, तो बांध पूरी क्षमता के साथ छलक सकता है।इससे पहले वर्ष 2018 में रायपुर बांध की चादर चली थी। इस बार सात साल बाद यह नजारा देखने को मिला, जिससे क्षेत्रवासियों में उत्साह का संचार कर दिया। किसानों को उम्मीद है कि भरपूर पानी से उनकी फसलें लहलहाएंगी और खेतों को संजीवनी मिलेगी। वहीं दूसरी ओर, लगातार हो रही बारिश के चलते प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग अलर्ट मोड में आ गए हैं। रेला बांध में पहले से ही चादर चल रही है और कई छोटे-बड़े जल स्त्रोतों में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।पाटन तहसीलदार सुभाष चंद्र कुल्हरी एवं पाटन थाना अधिकारी विक्रम सिंह ने भी रायपुर बांध की मौका स्थिति का निरीक्षण किया एवं इलाके के लोगों को सुरक्षा का पूरा ध्यान रखने की समझाइस की।

ग्रामीणों से अपील की गई कि वे बहते नालों, जलभराव वाले मार्गों और अनजान जलधाराओं को पार न करें।कई स्थानों पर जलभराव के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ स्थानों पर तेज बहाव के कारण जानलेवा हालात भी सामने आए हैं, जिससे सतर्कता बरतने की आवश्यकता और बढ़ गई है।

### बैडमिंटन नेशनल प्रतियोगिता के लिए तक्ष भाटी का चयन

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से उदयपुर में आयोजित हुई राज्य स्तरीय अंडर 19 वर्षीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में लक्ष्मनगढ के दोहिते व छापर निवासी दो सगे भाइयों का दबदबा रहा। मिली जानकारी के अनुसार तक्ष ने राज्य स्तरीय 19 वर्षीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जयपुर के जगजीत सिंह को हराकर स्टेट चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया है।

प्रतियोगिता में छापर निवासी चेनरूप भाटी के सुपुत्र व लक्ष्मनगढ के सुप्रसिद्ध हलवाई चिरंजीलाल टांक के दोहते व लक्ष्मनगढ पंचायत समिति में लिपिक राकेश कुमार टांक के भांजे तक्ष व दक्ष ने राज्य स्तर पर डबल्स कैटेगरी में उपविजेता रहे। प्रतियोगिता में स्टेट चैम्पियन बने तक्ष का नार्थ जोन प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

### तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**सादुलपुर,** (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी ने तहसील क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश की वजह से खराब हुई फसलों को लेकर किसान तहसील मुख्यालय सिद्धमुख पहुंचे। जहां खराब हुई फसल की गिरदावरी करवाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार सुबह 10 बजे झीन्डूराम धोलिया ने जानकारी दी कि इस दौरान मोहनलाल शर्मा ने बताया कि 22 अगस्त से हो रही भारी बारिश से सिद्धमुख तहसील क्षेत्र के सभी गांवों में मुंग, ग्वार, मोठ, बाजरा की फसल को भारी नुकसान हुआ है संपूर्ण क्षेत्र की गिरदावरी करवा कर किसानों की क्षतिपूर्ति की जाए। साथ में 2022 खरीफ का वर्षों से बकाया बीमा क्लेम किसानों के खाते में डाला जाए।

# इकतारपुरा मुक्तिधाम में 667 पौधों का भव्य रोपण

**चिड़ावा,** (निसं)। रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान द्वारा संचालित हरित क्रांति और पर्यावरण संतुलन मुहिम अंतर्गत महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंचायत समिति बामरवासी के ग्राम इकतारपुरा मुक्तिधाम प्रांगण में शुक्रवार को भव्य पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। पौधरोपण कार्यक्रम सौरभ नागपाल जिला विकास प्रबंधक झुंझुनू, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान के परियोजना प्रबंधक भूपेंद्र पालीवाल, फॉरेस्ट रेंजर सुमन कुमारी, जल एवं ग्रामीण विकास समन्वयक संजय शर्मा, कृषि एवं वानिकी समन्वयक शुभेंद्र भट्ट सहित विभिन्न गणमान्यजन, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणजन के आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत डालमिया संस्थान, ग्रामीण जन एवं पंचायत के सहयोग से मुक्तिधाम परिसर में कचनार, अर्जुन, गूलर, नीम, मालाबार नीम, बरगद, पीपल, सहजन, बकाण, गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के 667 पौधों का रोपण किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार ये पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में सहायक होंगे, बल्कि यह क्षेत्र की जैव विविधता को भी संरक्षित करेंगे। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि लगाए गए प्रत्येक पौधे की देखभाल करेंगे और उन्हें वृक्ष बनाने की दिशा में योगदान देंगे। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की ओर एक कदम है, बल्कि सामुदायिक एकता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है।

डालमिया सेवा संस्थान और ग्रामीणजन संयुक्त प्रयासों से आगामी समय में भी इस क्षेत्र में अधिक पौधारोपण और हरित परियोजनाएं चलाई जाएंगी। संस्थान का उद्देश्य न केवल हरियाली बढ़ाना है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को सतत विकास की दिशा में अग्रसर करना भी है। पालीवाल ने बताया कि इस ग्राम में लगभग 800 पौधे आने वाले दिनों में एक लीटर पद्धति से भी लगाए जाने प्रस्तावित है।

# भादरा में जलभराव और जर्जर भवनों को लेकर समीक्षा बैठक ली

■ 'जलभराव वाले सभी इलाकों पर सूक्ष्म निगरानी रखी जाए'

**हनुमानगढ़** (निसं)। यहां अत्यधिक वर्षा से उत्पन्न संभावित बाढ़ और जलभराव की समस्या से निपटने के साथ-साथ जर्जर भवनों की स्थिति की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को उपखंड कार्यालय भादरा में बैठक आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी कल्पित शिवरान ने की। इसमें विधायक संजीव बेनीवाल सहित भादरा के सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नगरपालिका भादरा के अधिशासी अधिकारी, सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, जेडीवीवीएनएल एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

उपखंड अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव वाले सभी इलाकों पर सूक्ष्म निगरानी रखी जाए। अमरसिंह ब्रांच और सिद्धमुख नहर के आरडी 0 से आरडी 37 तक 24 घंटे निगरानी के लिए कार्यदल का गठन किया जाए।

जहां भी जलभराव है वहां तत्काल प्रभाव से पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही गांवों में पुराने जोहडों के जीर्णोद्धार के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

नगरपालिका भादरा के अधिशासी अधिकारी को कस्बे की सडकों और जलनिकासी पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। उपखंड अधिकारी ने निर्देश दिए कि मोती पैलेस से आगे वीडीएस के सामने से लेकर पुलिस थाना के पास अंडरब्रिज तक बन रही सड़क पर सुधार कार्य किया जाए। उन्होंने कस्बे के जोहडों पर हुए अतिक्रमण हटाने के लिए भी विधिसम्मत कार्ययोजना तैयार करने को कहा ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या से निजात मिल सके।

विधायक ने बीसीएमओ को निर्देश दिए कि जलभराव और मानसून के मौसम को देखते हुए पूरे क्षेत्र में दवाईयों का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपखंड अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को आदेशित किया कि वे धरातल स्तर पर सक्रिय रहते हुए हर परिस्थिति पर पैनी नजर रखें और आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाए।

## सार-समाचार

### नमकीन गोदाम में आग लगी, लाखों का राख

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर तहसील के निकटवर्ती ग्राम लूणासर मे विजय कुमार की नमकीन गोदाम में आग लग गयी जिसके चलते करीब 30 लाख से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार आसपास के लोगों ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे जब देखा तो गोदाम से धुआं निकलते दिखाई दिया तो उन्होंने तुरंत गोदाम के मालिक विजय कुमार को सूचना दी। सूचना मिलते ही विजय कुमार पुत्र हेतराम पारीक पहुंचा तो देखा कि गोदाम में आग लगी हुई है पूरा सामान की चपेट में आ गया। घरेलू सामान भी जलकर नष्ट हो गया। नगर पालिका की दमकल को सूचना दी लेकिन दमकल 2 घंटे के बाद भी नहीं पहुंची। जिसके कारण ग्रामीणों की कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटनास्थल पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। आग का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मोके पर पहुँची पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया। गोदाम मालिक ने बताया कि नमकीन की गोदाम थी इसमें लाखों का सामान पडा था। सब जलकर राख हो गया। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। वही आज की सूचना को लेकर नगर पालिका प्रशासन को दी गई लेकिन दमकल 2 घंटे बाद पहुंची तब तक आज पूरी तरह से बुझ चुकी थी वहीं घटना की जानकारी राजलदेसर पुलिस थाना को मिली तो मौके पर ही उन्होंने मौका मुयायना किया इस अवसर पर गांव के प्रमुख शक्ति सिंह, रमेश पारीक, महावीर पारीक, मदन लाल पारीक सहित गांव के सैकडों व्यक्ति उपस्थित थे

### ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस निकाला

**चूरू** (निसं)। पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन पर ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शुक्रवार को विशाल जुलूस निकाला गया। तेलियान मोहल्ले के मरकजी मदरसा से निकाले गये जुलूस में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। शहर इमाम सैयद मोहम्मद अनवार नदीमुल कादरी के नेतृत्व में निकाला गया जुलूस धौबी चौराहा, नई सड़क, स्टेशन रोड, धर्मस्तूप और पुरानी सड़क से होकर निकाला गया। व्यापारियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। जुलूस कमेटी के सैयद अबरार हुसैन कादरी ने बताया कि इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद का जन्म मक्का में हुआ था। यह पर्व उनके जीवन के संदेशों को समर्पित है। इस अवसर पर शहर की मस्जिदों में लाइटों और फूलों से भव्य सजावट की गई। जुलूस में कई सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह ठंडा पेय पदार्थ व फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि जुलूस ए मोहम्मदी प्यार बांटने का दिन है। चूरू की धरती गंगा-जमुनी संस्कृति की पोषक रही है। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, बसंत शर्मा, पीसीसी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया, नारायण बालान, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया और भाजपा-कांग्रेस सहित कई नेताओं ने शिरकत की।

### पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री की गाड़ी रवाना

**चूरू** (निसं)। इंटेलेक्चुअल मुस्लिम सोसाइटी ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए पहल की है। पुलिस लाइन के पास से शुक्रवार को राहत सामग्री से भरी पिकअप को रवाना किया। एडीएम अर्पिता सोनी ने पिकअप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सोसाइटी के अध्यक्ष और सेल्स टैक्स के पूर्व अतिरिक्त आयुक्त शौकत खान झारिया ने बताया कि बाढ़ पीडितों की सहायता के लिये करीब 40 क्विंटल खाद्य सामग्री भेजी गई। इसमें दाल, चावल, आटा, तेल, चीनी, चाय, दूध पाउडर, मिर्च मसाला, साबुन और पानी की बोतलें शामिल हैं। एडीएम सोनी ने कहा कि पीड़ित मानव की सेवा करना सबसे बडा धर्म है। उन्होंने सभी समाजसेवी संगठनों से अपील करते हुये कहा कि ऐसे कार्यों के लिये आगे आएं। इससे संकट की घड़ी में जरूरतमंदों को मदद मिल सकेगी। कार्यक्रम में सोसाइटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व पूर्व एएसपी अयूब खान, डॉ. एफएच गौरी, डॉ. मुमताज अली, डॉ. इकराम हुसैन, डॉ. गफ्फार अली, प्रिंसिपल आरिफ खान, कैप्टन जसवंत खान, आरआई सतवीर सिंह, हबीब खान, एडवोकेट आबिद बहलीम और सलीम खान दिलावरखानी आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आज

**झुंझुनूं,** (निसं)। सीके बिडला हॉस्पिटल्स जयपुर एवं लॉयंस क्लब झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार शाम सात बजे से होटल झुंझुनू हवेली फ्रेंड्स कार वर्ल्ड के पास सीकर रोड झुंझुनूं पर किया जाएगा। जानकारी देते हुए लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तृतीय उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर वक्ता डॉ. अंशुल पटोदिया अतिरिक्त निदेशक हृदय रोग द्वारा स्वस्थ हृदय पर एवं डॉ. अनिल कुमार जांगिड़ वरिष्ठ परामर्शदाता गैस्ट्रोएंटरोलॉजी द्वारा स्वस्थ यकृत और स्वस्थ पर रोग एवं उसके बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। सीके बिड़ला हॉस्पिटल्स ग्रोथ एंड डेवलपमेंट ऑफिसर सचिन सिंह एवं इंचार्ज सेल्स एंड मार्केटिंग शिवपाल रणवां ने बताया कि हॉस्पिटल की ओर से समय समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता हैं जिससे लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता लाई जा सके।

### नेत्र चिकित्सा शिविर कल

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में सात सितम्बर रविवार को सुबह नौ बजे से 12 बजे तक चावो दादी मंदिर झुंझुनूं में आयोजित किया जाएगा। शिविर में टिबडा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा आधुनिक मशीनों द्वारा आंखों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरण किए जाएंगे। चयनित मोतियाबिंद रोगियों के ऑपरेशन रियायती दर पर कराए जाएंगे।

### शिक्षक दिवस मनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्ज्वलित कर तथा केक काट कर गणेश वंदना के साथ किया गया।

# रतनगढ़ में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला

**रतनगढ़** (निसं)। जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर शुक्रवार को मुस्लिम समाज की ओर से नगर में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में समाज के हजारों लोगों ने शामिल होकर नबी-ए-पाक की शिक्षाओं को याद किया और अमन-चैन तथा तरक्की की दुआ मांगी।जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा, जहां जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर लोगों ने पुष्प वर्षा की।

विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की ओर से फल, मिठाई व शरबत का वितरण किया गया। पूरे नगर का माहौल भाईचारे और धार्मिक उत्साह से सराबोर रहा।इस अवसर पर समाज के बुजुर्गों और युवाओं ने एक साथ मिलकर शांति, सौहार्द और आपसी एकता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि नबी-ए-पाक की शिक्षाएं इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम देती हैं, जिन्हें हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। जुलूस के दौरान नगर में सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन ने मुस्तैदी से पूरे आयोजन की निगरानी की, जिससे जुलूस शांति और सौहार्द के माहौल में सम्पन्न हुआ।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपने बड़े भाई सुनिल कुमार जालूका की पुत्री नेहल को गोद ले लिया है। अब नेहल को नेहल पुत्री दीपक कुमार जालूका के नाम से जाना व पहचाना जावे।

दीपक कुमार जालूका पुत्र स्वर्गीय श्री राधेश्याम जालूका, सर्किट हाउस के पीछे, वार्ड नंबर 2, पंखा रोड़, चूरू (राजस्थान)

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**

क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/ दिनांक: 04/09/2025

**आपति आमत्रंण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दुलीचन्द पुत्र श्री लेखराम जाति कुम्हार निवासी वार्ड नं.01 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ ने दस्तबरदारी से प्राप्त भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर व्यवसायिक भूखण्ड सं.82 साईज 150 वर्गफुट का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है, जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री गोकुल राम पुत्र श्री बीरबल राम के नाम से साईज 150 वर्गफुट का जारीशुदा है। श्री गोकुल राम ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 30.12.1992 द्वारा श्री आशी पत्नि श्री लेखराम को बैचान कर दिया। श्री आशी की मृत्यु दिनांक 09.02.2025 को हो चुका है जिनके जाज वारिस सावित्री देवी, ने उक्त भूखण्ड जरिये दस्तबरदारी दिनांक 18.06.2025 द्वारा उक्त भूखण्ड में से अपना 1/2 हिस्सा अपने भाई श्री दुलीचन्द को दान कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त व्यवसायिक भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

रजनीश चौधरी, अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर